आमंत्रित करना। नये डिजाइन प्रचलित किये जा रहे हैं। कालीन बुनकरों के लिए एक व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम के जरिए निर्यात सम्बन्धी उत्पादन आधार सुदृढ़ बनाया जा रहा है।

आगरा में पर्यटक गाईड

4422. **श्री रामजी लाल सुमन** : क्या **पर्यटन और नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आगरा में मान्यता प्राप्त पर्यटक गाइड कितने हैं ; और

(ख) क्या पहले कभी आगरा में पर्यटक गाइडों के लिये कोई पाठ्यक्रम आयोजित किया गया था ?

पर्यटन और नागर विमानन मन्त्री (श्री पुरुषोत्तम कौशिक) : (क) आगरा में पर्यटन विभाग द्वारा अनुमोदित 31 गाइड हैं।

(ख) आगरा में आज तक चार गाईड प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किये गये हैं।

बीड़ियों का निर्यात

4423. **श्री कचरूलाल हेमराज जैन** : क्या **वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में संगठित और गैर-संगठित बीड़ी कारखानों की संख्या कितनी है ;

(ख) भारत से किन-किन देशों को बीड़ी का निर्यात होता है और गत तीन वर्षों में प्रत्येक देश को कितनी कीमत की बीड़ियों का निर्यात किया गया ; और

(ग) बीड़ी निर्यात की प्रोत्साहन योजनाओं का ब्यौरा क्या है ?

वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता मन्त्री (श्री मोहन धारिया) : (क) केन्द्रीय उत्पाद शुल्क विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार देश में बीड़ी निर्माताओं की कुल संख्या 17,556 है। इसमें 3783 वे विनिर्माता भी शामिल हैं, जो ब्रांड नामों के अन्तर्गत अपने उत्पादों को वितरित करते हैं चाहे वे पंजीकृत हैं अथवा नहीं हैं।

(ख) एक विवरण संलग्न है।

(ग) पंजीकृत निर्यातकों के लिये आयात नीति के अधीन बीड़ियों के जो निर्यातक तम्बाकू बोर्ड के पास पंजीकृत हैं उन्हें अपने निर्यातों के एफ०ओ०बी० मूल्य के 2 प्रतिशत की दर से आयात प्रतिपूर्ति मिलती है।

विवरण

1973-74, 1974-75 तथा 1975-76 के दौरान बीड़ी का निर्यात

(मात्रा कि०ग्रा० में तथा मूल्य रु० में)

देश	1973-74		1974-75		1975-76	
	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य
1	2	3	4	5	6	7
अफगानिस्तान	5,400	61,948	11,200	1,34,018	5,770	76,708
आस्ट्रेलिया	1,191	16,372	30	645	—	—
बहरीन	347	6,919	1,721	33,618	4,858	76,838